Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to display reservation chart at railway stations and in trains coaches

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) ः मैं रेल मंत्रालय का ध्यान रेल गाड़ियों में रिजर्वेशन चार्ट नहीं लगाए जाने की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। पूर्व में सभी रेल गाड़ियों में एवं स्टेशन पर चार्ट बोर्ड पर रिजर्वेशन चार्ट लगाए जाते थे तथा डिजिटल डिस्प्ले प्लेटफार्म पर आरक्षित सीटों को दिखाया जाता था तथा यात्रा टिकटों का विवरण दिखाया जाता था, परंतु अब रिजर्वेशन चार्ट रेलगाड़ियों पर व स्टेशन के चार्ट बोर्ड पर न लगाए जाने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल फोन में भी कंफर्म सीटों का विवरण पूरी तरह नहीं भेजा जा रहा है, जिसकी वजह से सभी श्रेणी के यात्रियों को बेवजह तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है।

अतः केंद्र सरकार से आग्रह है कि माननीय रेल मंत्री जी यह बताने की कृपा करें कि चार्ट क्यों नहीं लगाया जा रहा है?